# बीन वादन से श्रीशिव लीला-नाट्य तक, 'संभावना' में दिखीं लोककला की विविध परंपराएं

## अशोकनगर के 40 कलाकारों ने छह दृश्यों में किया शिव के विविध स्वरूपों का मंचन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में अशोकनगर के जितेंद्र कुमार शर्मा एवं साथियों ने बीन वादन और नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद भोपाल के श्री रामचंद्र सिंह के निर्देशन में 'श्रीशिव लीला-नाट्य' का मंचन किया गया।



अशोकनगर से आए कलाकारों ने बीन वादन के साथ धार्मिक और नाथ भजनों की प्रस्तुति दी। बीन वादन कालबेलिया समुदाय की विशेष परंपरा मानी जाती है। इस समुदाय के कलाकार अमावस्या और पूर्णिमा के अवसर पर गांव-गांव जाकर बीन वादन करते हैं। नागपंचमी इनके प्रमुख पर्वों में शामिल है, जिस दौरान कलाकार गांवों में जाकर बीन वादन की प्रस्तुति देते हैं। समय के साथ यह परंपरा घरों में होने वाले अनुष्ठानिक कार्यों और अन्य अवसरों तक भी पहुंची है। कार्यक्रम के अगले क्रम में श्री रामचंद्र सिंह के निर्देशन में 'श्रीशिव लीला-नाट्य' प्रस्तुत किया गया। करीब एक घंटे 30 मिनट की इस प्रस्तुति में छह दृश्यों के माध्यम से 40 कलाकारों ने भगवान शिव के दिव्य, विराट और लोकमंगलकारी स्वरूप को नाट्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इसमें शिव के सृजन, संहार, करुणा, तप, प्रेम और लोककल्याण के विविध रूपों को संगीत, नृत्य, संवाद और अभिनय के माध्यम से दर्शाया गया। लीला-नाट्य में माता पार्वती और श्रीशिव के विवाह प्रसंग के माध्यम से प्रेम, समर्पण और शक्ति के मिलन को प्रस्तुत किया गया। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि श्रीशिव केवल आराध्य देव ही नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन में सृष्टि, चेतना, प्रकृति, शक्ति और लोककल्याण के शाश्वत प्रतीक हैं।मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में यह गतिविधि हर रविवार दोपहर दो बजे से आयोजित की जाती है। इसके माध्यम से मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों और सात प्रमुख जनजातियों की विविध कला परंपराओं की प्रस्तुतियां देखने का अवसर मिलता है। साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने और समझने का अवसर भी जनसामान्य को उपलब्ध कराया जाता है।



### विश्व आदिवासी दिवस पर निकाली विशाल रैली

# पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, कई संगठनों के प्रतिनिधि शामिल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को भोपाल में आदिवासी समाज ने विशाल रैली निकालकर अपनी एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान का प्रदर्शन किया। माता मंदिर चौराहे से शुरू हुई रैली में 22 से अधिक आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोग शामिल हुए। बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा में रैली में पहुंचे। ढोल-मांदल की थाप के बीच रैली दसहरा मैदान पहुंची, जहां विशाल आदिवासी सम्मेलन आयोजित किया गया।



सम्मेलन में आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और गौरव की झलक देखने को मिली। पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ रंग-बिरंगे आदिवासी परिधानों ने आयोजन को विशेष बनाया। विभिन्न संगठनों और समाज के लोगों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और समाज की एकजुटता बनाए रखने का संदेश दिया।

मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वह सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में नहीं, बल्कि आदिवासी समाज का हिस्सा होने के नाते पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज की आबादी 22 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन इसके बावजूद समाज के लोग अभी भी अपने अधिकारों से वंचित हैं।

सिंघार ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान और अस्तित्व को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में समाज को अपनी पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और गांवों में रहने वाले लोगों की कठिनाइयों से परिचित हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज स्वाभिमानी है। वह किसी से भीख नहीं मांगता, बल्कि अपने अधिकार मांगता है। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी संस्कृति, परंपरा और पहचान को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। सम्मेलन में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक अधिकारों को लेकर एकजुटता का संदेश दिया गया।

## रखरखाव कार्य के चलते बिजली कटौती की संभावना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में विद्युत लाइनों और उपकरणों के रखरखाव कार्य के चलते 10 अगस्त को कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। निर्धारित रखरखाव कार्य के दौरान संबंधित इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी। इसके अलावा बारिश के चलते भी कई इलाकों में बिजली की अघोषित कटौती हो सकती है। लाइनों में फाल्ट आने की आशंका जताई जा रही है। बिजली कंपनी के कर्मचारी फाल्ट सुधारने के कार्य में लगे हुए हैं। बिजली वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित कटौती अवधि को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य पहले से निपटा लें। बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद सामान्य व्यवस्था शुरू हो जाएगी। क्षेत्रवार कटौती का समय संबंधित विद्युत वितरण केंद्र द्वारा निर्धारित किया जाएगा। उपभोक्ताओं से बिजली बंद रहने की अवधि में सहयोग बनाए रखने की अपील की है।


**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं.,प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

गौतम नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट/भवन क्रमांक जूनियर एम.आई. जी. 09 (प्रथम तल) मण्डल द्वारा श्रीमती रेखा चौरसिया पत्नी स्व. श्री गणेश राम चौरसिया के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 05/09/2000 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 08/01/2026 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री अनिल कुमार चव्हाण आत्मज श्री भारत भूषण चव्हाण के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 22/07/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री अनिल कुमार चव्हाण आत्मज श्री भारत भूषण चव्हाण के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

1245

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं.,प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक 117 ए-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री अब्दुल करीम आत्मज श्री अब्दुल हमीद के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 1106-10 दिनांक 06/02/2001 को हस्तान्तरित किया गया हैं। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 21/12/2000 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री अब्दुल करीम आत्मज श्री अब्दुल हमीद (पिता जी) की दिनांक 07/01/2009 एवं श्रीमती सितारा बी पत्नी श्री अब्दुल करीम (माता जी) की दिनांक 23/02/2021 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री सलीम खान आत्मज स्व. श्री अब्दुल करीम के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री सलीम खान आत्मज स्व. श्री अब्दुल करीम के नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह नि. एवं अधो, वि.म. प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

1246

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

अशोका गार्डन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में शेड/भवन क्रमांक 117 वी सेक्टर मण्डल द्वारा श्री जलील उर रहमान आत्मज श्री अतीकुर रहमान के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01/11/1991 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री जलील उर रहमान आत्मज श्री अतीकुर रहमान की दिनांक 29/05/1998 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पुत्रीगण 1. श्रीमती रुबिना पत्नी श्री शेख साबिर कुरैशी 2. श्रीमती समीना पत्नी श्री अनीस चौधरी 3. सुश्री सायमा पुत्री स्व. श्री जलील उर रहमान 4. सुश्री नज़मा पुत्री स्व. श्री जलील उर रहमान 5. श्रीमती शाजिया पत्नी श्री अब्दुल शफीक कुरैशी (पुत्रीगण स्व. श्री जलील उर रहमान) के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1. श्रीमती रुबिना पत्नी श्री शेख साबिर कुरैशी 2. श्रीमती समीना पत्नी श्री अनीस चौधरी 3. सुश्री सायमा पुत्री स्व. श्री जलील उर रहमान 4. सुश्री नज़मा पुत्री स्व. श्री जलील उर रहमान 5. श्रीमती शाजिया पत्नी श्री अब्दुल शफीक कुरैशी (पुत्रीगण स्व. श्री जलील उर रहमान) के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

1247

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो.वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**
**आम सूचना**

गौतम नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में फ्लैट /भवन क्रमांक सीनियर एम.आई.जी. 13 (भूतल) मण्डल द्वारा श्री संदीप विग आत्मज श्री कुन्दन लाल विग के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 105-108 दिनांक 18/01/2005 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/05/2006 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। अवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 16/06/2022 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/ विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री ऋषिकान्त तिवारी आत्मज श्री शिवराम तिवारी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 29/07/2026 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्री ऋषिकान्त तिवारी आत्मज श्री शिवराम तिवारी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी /या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. वि.मं., प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

1248


## सूडोकु नवताल- 7867

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7866 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## काकुरो पहेली - 7540



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**

11 → 1 2 3 5; 7 ↓ 1 2 4


1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 7539 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8937



**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8936 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7379



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक ?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका ?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका ?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी ?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 7378



Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 7473

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | 2 | | 3 |
| 5 | 33 | | 32 | | 27 | 7 |
| | 3 | | 5 | | 1 | 2 |
| 3 | 35 | 2 | 37 | 7 | 32 | |
| | 4 | | | 3 | | 1 |
| 2 | 32 | 4 | 36 | | 30 | 5 |
| 1 | | | 7 | | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 7472 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 1 | 33 | 6 | 32 | 1 | 28 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 6 | 30 | 2 | 37 | 4 | 34 | 7 |
| 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 26 | 4 | 38 | 5 | 36 | 6 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 8493

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | टा |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | का | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

*शब्दजाल में 'अमिताभ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

अजनबी, मेजर साब, मोहब्बतें, बागबां, आंखें, खुदा गवाह, शराबी, अंधा कानून, कालिया, सुहाग

### शब्दजाल - 8492 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore